Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding construction of rake point in Bayana Railway Station, Bharatpur, Rajasthan.

श्रीमती रंजीता कोली (भरतपुर): महोदय, आपने मुझे सदन में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करती हूँ ।

महोदय, मैं सदन के माध्यम से रेल मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र भरतपुर के बयाना स्टेशन पर रैक पॉइंट खुलवाने की ओर आकर्षित करना चाहती हूँ ।

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र भरतपुर के बयाना में व्यापारियों के सामने एक बड़ी समस्या आ रही है । वर्तमान में बयाना के व्यापारियों को रेल द्वारा भेजे गए सामान को भरतपुर से उठाना पड़ता है । इस समस्या को देखते हुए व्यापारी लगातार बयाना में रैक पॉइंट खुलवाने की माँग कर रहे हैं । बयाना में रैक पॉइंट खुलने से बयाना क्षेत्र के सभी व्यापारियों को भी लाभ पहुँचेगा और आसपास की जनता को भी रोजगार मिलेगा । बयाना रेलवे स्टेशन पर रैक पॉइंट बनवाने के लिए काफी जगह भी उपलब्ध है और वहाँ पहले से ही रेलवे लाइन के लिए बिछाई जाने वाली गिट्टियों का रैक पॉइंट बना हुआ है ।

अत: आपसे निवेदन है कि बयाना में रैक पॉइंट बनवाया जाए, जिससे आसपास के किसानों की समस्या का हल हो सके । बयाना रैक पॉइंट से कई क्षेत्रों को माल सप्लाई किया जा सकता है । भुसावर, वैर, छोकरवाड़ा, रूपबास, रुदावल सहित अन्य कई क्षेत्र के लोग बयाना से समय पर अपने माल का आदान कर सकेंगे । व्यापारियों को भरतपुर से माल उठाने में काफी परेशानियों का सामना करना पडता है, जिससे क्षेत्र की जनता को समय पर माल उपलब्ध नहीं हो पाता है और सबसे ज्यादा समस्या कृषि से संबंधित सामानों में आती है । अभी फिलहाल में डीएपी की कमी पूरे भरतपुर जिले में चल रही है । बयाना में भी समय पर डीएपी नहीं पहुँच पा रहा है । मेरा आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से

अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र भरतपुर के बयाना रेलवे स्टेशन पर रैक पॉइंट बनवाया जाए । धन्यवाद ।